हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 13.11.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 03	क्रम सं०(Serial No.) 13

सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन को मंजूरी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। महिलाओं को सुरक्षा बलों में सशक्त भूमिका देने के लिए गृह मंत्रालय ने बड़ी पहल करते हुए सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है। इस बटालियन में सभी रैंक पर केवल महिलाएं ही होंगी।

सीआईएसएफ उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रहा है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं। इनकी संख्या वर्तमान में 7 फीसदी से अधिक है।

- बटालियन में 1025 महिला जवान होंगी
- सीआईएसएफ में अभी हैं सात फीसदी महिलाएं

सूत्रों ने कहा कि रिजर्व बटालियन में 1025 महिला जवान होंगी। सीआईएसएफ ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल 41606 महिला जवान विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र बलों में हैं।